मूल वाद में डिक्री
(आदेश 20 नियम 6–7, जाब्ता दीवान)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवम् पदेन सहायक कलक्टर पीलीबंगा

पीठासीन अधिकारी :– अमिता बिश्नोई आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या :– 4/2025

1. जोधासिंह उर्फ जोधसिंह पुत्र जीतसिंह, जाति जटसिख, साकिन बिलोचावाला, तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़।
2. सरदूलसिंह उर्फ शर्दुलसिंह पुत्र जीतसिंह, जाति जटसिख, साकिन बिलोचावाला, तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़।

वादीगण

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व पीलीबंगा, तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़।

प्रतिवादी

दावा अन्तर्गत धारा 88 आर.टी.ए. बाबत घोषणा

दिनांक :– 24/6/25

वादीगण की ओर से श्री गुरमेल सिंह अधिवक्ता व राजपैरोकार इस वाद मे आज दिनांक को **अमिता बिश्नोई** आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी एवम् पदेन सहायक कलक्टर पीलीबंगा के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिये पेश होनें पर प्रस्तुत दस्तावेजों शपथ पत्र एवं तहसीलदार पीलीबंगा से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर वाद वादीगण अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत स्वीकार किया जाता है मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार रिकार्ड में शुद्धि हेतु निम्नानुसार घोषणा की जाती है–**चक 7 एलजीडब्ल्यु–बी के खाता स. 36/31 व इसी चक के खाता स. 35/32 में दर्ज वादी संख्या 1 का नाम जोधसिंह के स्थान पर जोधसिंह उर्फ जोधासिंह पुत्र जीत सिंह किया जाता है एवं चक 7 एलजीडब्ल्यु–बी के खाता स. 73/29 व इसी चक के खाता संख्या 72/57 में दर्ज शर्दुल सिंह पुत्र जीत सिंह के स्थान पर सर्दूल सिंह उर्फ सरदुल सिंह पुत्र जीत सिंह किया जाता है शेष खाता एवं हिस्सा इत्यादि यथावत रहेगा।**

तहसीलदार राजस्व पीलीबंगा को आदेशित किया जाता है कि उक्त वर्णित भूमि घग्घर, वन विभाग, जोहड पायतन, आराजीराज न होनें तथा अन्य किसी भी न्यायालय का कोई स्थगन आदि न होनें, धारा 16 आर.टी.ए. की अवहेलना नहीं होनें की व समस्त प्रकार के भार मुक्त होनें तथा किसी प्रकार के राजस्व हानि न होनें की दशा मे स्थिति में उक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड मे अंकन किया जाकर अलग अलग लगान कायम किया जावे तथा भूमि की किस्म यथा नहरी/बारानी/गैरमुमकिन/गैर खातेदार ... ही रहेगी जिमसें किसी प्रकार का कोई बदलाव नही किया जावेगा।

खर्चा फरीकेन अपना–अपना वहन ... दिनांक 24/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Amita Bishnoi
Date: 2025.07.07 10:36:44 IST
Reason: SelfAttested

(अमिता बिश्नोई आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी एवम्
पदेन सहायक कलक्टर,
पीलीबंगा

सहायक कलक्टर
पीलीबंगा।
जिला हनुमानगढ़